110

दिनाक 01.08.2018 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में धनबाद जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति – पंजी के अनुसार।

दिनांक 01.08.2018 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम ट्रस्ट के कार्यों, प्राप्त आवंटन/व्यय तथा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी।

समीक्षोपरान्त विभिन्न कार्यान्वयन ऐजेंसियों / विभागों से डी0एम0एफ0टी0 के तहत योजना से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर योजनावार विचार करते हुए प्रबंधकीय समिति द्वारा निम्नांकित निर्णय लिया गया –

(1) नगर निगम धनबाद से प्राप्त योजना की स्वीकृति का प्रस्ताव–

नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम, धनबाद से प्राप्त पत्रांक 870 एवं 869 दिनांक 10.07.2018 के माध्यम से दिनांक 14.06.2018 को संपन्न नगर निगम के स्थायी समिति की बैठक के कंडिका 4 एवं दिनांक 11.05.2018 को संपन्न नगर निगम के स्थायी समिति की बैठक के कंडिका 7 में पारित दो जलापूर्ति योजनाओं का कार्यान्वयन पेयजल एवं स्वच्छता प्रमडल सं0–1, धनबाद के माध्यम से डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने हेतु राशि की अधियाचना की गयी है ।

योजना से संबंधित विवरणी निम्नवत है –

क्र0	कार्य का नाम	तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलित राशि	ऐजेंसी का नाम
1	Supplying and laying of D.I. Pipe from police line ESR to Simaldih Telipara, Dhanbad under D.W & S. Division No.1, Dhanbad	41,04,551.00	पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1, धनबाद
2	Supplying and laying of D.I. Pipe from Old Dhanbad Municipal Corporation office to Bhagyodya Building under D.W. & S. Division No.1, Dhanbad	13,74,563.00	पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1, धनबाद
	कुल:	5479114.00	

समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में नगर निगम के स्थायी समिति से पारित प्रस्तावित दोनो जलापूर्ति योजना कुल प्राक्कलित राशि 54,79,114.00 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी तथा योजनाओं का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने निर्णय लिया गया।

(2) तोपचांची प्रखंड की योजना –

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, माननीय सांसद से प्राप्त पत्रांक 346/18 दिनांक 04.06.2018, पत्रांक 415/18 दिनांक 15.06.2018 एवं पत्रांक 470/18 दिनांक 10.07.2018 द्वारा डी0एम0एफ0टी0 निधि से तोपचांची प्रखंड के ब्राम्हणडीह एवं सिंहदाहा पंचायत में पेयजल योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनुशंसा प्राप्त है ।

योजना की विवरणी निम्नवत है –

क्र0	योजना का नाम	पंचायत का नाम	प्रखंड	प्राक्कलित राशि	अभियुक्ति
1	ब्राम्हणडीहा पंचायत के ग्राम ब्राम्हणडीहा तेली टोला में डीप बोरिंग कर मोटर पम्प 5000 लीटर क्षमता का पी0भी0सी0 टैंक एवं पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति योजना	ब्राम्हणडीहा	तोपचांची	607142.00	ग्राम सभा की कार्यवाही अप्राप्त
2	ब्राम्हणडीहा पंचायत ग्राम सिधावाद में हरि मंदिर के पास डीप बोरिंग कर मोटर पम्प 5000 लीटर क्षमता का पी0भी0सी0 टैंक एवं पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति योजना	ब्राम्हणडीहा	तोपचांची	698246.00	ग्राम सभा की कार्यवाही अप्राप्त

(109)

3	सिंहदाहा पंचायत ग्राम सिरसागढ़ा में डीप बोरिंग कर मोटर पम्प 5000 लीटर क्षमता का पी0भी0सी0 टैंक एवं पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति योजना	सिंहदाहा	तोपचांची	854967.00	ग्राम सभी की कार्यवाही प्राप्त है
	कुलः			2160355.00	

समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रस्तावित 3 जलापूर्ति योजनायें प्राक्कलित राशि 21,60,355.00 रू0 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी तथा योजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय लिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

A Singh 07/08/18
जिला खनन पदा0
धनबाद।

04/08/18
उप विकास आयुक्त,
धनबाद।

6/8/18
उपायुक्त –सह– अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0,धनबाद।

ज्ञापांक– 128 · दिनांक– 07/08/2018

ज्ञापांक – धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों / सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/8/18
उपायुक्त –सह– अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, धनबाद।